प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार''

- केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा– हिमाचल को सहकारिता क्षेत्र में केन्द्र द्वारा दी जाएगी हर संभव मदद।
- प्रदेश दौरे पर आए केन्द्रीय मंत्रियों ने आज मण्डी और चम्बा ज़िलों में लिया आपदा से हुए नुकसान का जायज़ा।
- भारतीय रिज़र्व बैंक ने धोखाधड़ी से बचाव के लिए उपभोक्ताओं को लुभावनी योजनाओं से बचने की दी सलाह।
- प्रदेश में मॉनसून सक्रिय– कई क्षेत्रों में हुई भारी वर्षा व भूस्खलन से सामान्य जनजीवन प्रभावित

सहकारिता

केन्द्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने हिमाचल प्रदेश को सहकारिता के लिए आदर्श राज्य बताया है। शिमला में आज सहकारिता विभाग की बैठक में उन्होंने कहा कि विविधता से पूर्ण हिमाचल में सहकारिता क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रदेश को सहकारिता क्षेत्र में केन्द्र द्वारा हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सहकार से समृद्धि का मूल मंत्र ही वर्ष 2047 तक विकसित भारत का आधार बनेगा।

*देश के प्रधानमंत्री जी आदरणीय मोदी जी का जो सहकार से संबंधित समृद्धि का मूल मंत्र है और जो 2047 में विकसित भारत का संकल्प है, वो सहकारिता से ही संभव हो सकता है और इस देश के अन्नदाता किसान को अगर समृद्ध करना है, आत्मनिर्भर बनाना है तो कोऑपरेटिव सेक्टर का विकास और विस्तार होना बहुत ज़रूरी है।*

बैठक में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश में सहकारिता की मुहिम को जन–जन तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में करीब 20 लाख लोग सहकारिता से जुड़े हुए हैं और सहकारी समितियां महिला सशक्तिकरण का उदाहरण पेश कर रही हैं।

फोरलेन

केन्द्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टमटा ने कहा है कि मनाली तक भूस्खलन से क्षतिग्रस्त हुए फोरलेन को 20 सितम्बर तक हर हाल में बहाल कर दिया जाएगा। उन्होंने आज आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और मण्डी में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। अजय टमटा ने कहा कि प्रदेश में आपदा से हुए नुकसान को लेकर केन्द्र सरकार पूरी तरह गम्भीर है और हर संभव मदद कर रही है। उन्होंने बताया कि राज्य में क्षतिग्रस्त फोरलेन और राजमार्ग पहले की तरह बनाए जाएंगे और केन्द्र सरकार ने इस कार्य के लिए फिलहाल 2 सौ 64 करोड़ रूपए की राशि जारी कर दी है। विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर भी इस दौरान मौजूद रहे।

केन्द्रीय मंत्री

दूसरी ओर, केन्द्रीय आदिवासी कल्याण राज्य मंत्री दुर्गा दास उइके ने आज चम्बा ज़िले के भरमौर में अधिकारियों के साथ बैठक कर जन समस्याओं के समाधान के लिए उचित दिशा–निर्देश जारी किए। उन्होंने बताया कि ज़िले में आपदा के कारण जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई के लिए केन्द्र सरकार दृढ़संकल्पित है। केन्द्रीय मंत्री ने समाज सेवियों और वरिष्ठ नागरिकों के साथ भी बैठक कर बाढ़ से हुए नुकसान की जानकारी ली।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल आज से चम्बा ज़िले के दो दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने आज डलहौजी के बनीखेत में आपदा प्रभावित लोगों को राहत सामग्री वितरित की। राज्यपाल ने कहा कि इस आपदा से चम्बा, मण्डी और कुल्लू ज़िलों में भारी नुकसान हुआ है और संकट की इस घड़ी में पूरा समाज एकत्रित होकर जनसेवा के लिए आगे आया है। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने प्रदेश को 15 सौ करोड़ रूपए की आपदा राहत दी है और प्रदेश दौरे पर आए केन्द्रीय मंत्रियों और अंतर मंत्रालय दल की रिपोर्ट के आधार पर और मदद दी जाएगी।

*माननीय प्रधानमंत्री जी आए थे। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के लिए फौरी तौर पर 1500 करोड़ रूपए देने की बात कही। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भई जब हमारी सैंट्रल टीम रिपोर्ट देगी कि कहां–कहां क्या स्थिति है उसके बाद और सब उसको तय करेंगे। मुझे लगता है कि हमेशा सैंट्रल गवर्नमेंट की टीम जब अपनी रिपोर्ट देती है तो वहीं सेंट्रल गवर्नमेंट पैसे इत्यादि रिलीज़ करने का काम करता है लेकिन आज तक के हिमाचल के हिस्ट्री में जितना प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पैसा 1500 करोड़ दिया है अभी तक किसी को भी नहीं दिया।*

इस बीच, राज्यपाल ने चम्बा ज़िले के विभिन्न क्षेत्रों के लिए राहत सामग्री से भरे वाहनों को हरी झण्डी भी दिखाई। उन्होंने उम्मीद जताई कि अगले दो से तीन माह के दौरान ज़िले में सभी व्यवस्थाएं सामान्य हो जाएंगी।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने आज समीरपुर में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग–3 परियोजना की धीमी प्रगति को लेकर अधिकारियों से चर्चा की और जनता को हो रही असुविधाओं के जल्द समाधान के निर्देश दिए। अनुराग ठाकुर ने दोहराया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

आर.बी.आई.

भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव के लिए उपभोक्ताओं को लुभावनी योजनाओं से बचने की सलाह दी है। सोलन में आज पंजाब नैशनल बैंक द्वारा आयोजित वित्तीय समावेशन कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि बैंकों द्वारा भी देशभर में उपभोक्ताओं को डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव के लिए अनेक कदम उठाए जा रहे हैं। संजय मल्होत्रा ने कहा कि बैंक अब अधिक से अधिक लोगों तक सुविधाएं व सेवाएं पहुंचाना सुनिश्चित बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि देश में करीब 55 करोड़ जनधन खातों में से 11 करोड़ खातों की रि–के.वाई.सी. करवाई गई है जबकि शेष खातों के लिए ये कार्य जारी है।

*जब 10 वर्ष पूरे हो जाते हैं बैंक अकाउंट खोलने में, तो उसके बाद में अकाउंट का री–केवाईसी कराना ज़रूरी होता है। जो 55 करोड़ हमने जनधन के अकाउंट खोले थे, उसमें से कई सारे अकाउंट्स अब री–केवाईसी के लिए तैयार हो गए हैं। हम ये चाहते हैं कि उनका सबका री–केवाईसी हो और हमारा प्रयास ये है कि हमारी जो बैंकिंग पूरी व्यवस्था है, लोग तो हमारे पास में आएं, उसके बदले हम उनके पास में उनके डोर स्टैप तक जाके पंचायत तक जाकर के हम सभी सेवाएं हम उनको डोर स्टैप्स पर दें।*

रिज़र्व बैंक के गवर्नर ने बताया कि वित्तीय समावेशन की दिशा में बैंक खाता खोलना पहला कदम है और देशभर में वर्तमान में करीब अढ़ाई सौ करोड़ बैंक खाते खुल गए हैं।

गिरफ्तारी

प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के चीफ इंजीनियर विमल नेगी की रहस्यमयी मौत के बहुचर्चित मामले में सी.बी.आई. ने बड़ी कार्रवाई करते हुए निलंबित ए.एस.आई. पंकज शर्मा को गिरफ्तार किया है। इस मामले में ये पहली गिरफ्तारी है। पंकज शर्मा को घुमारवीं से गिरफ्तार किया गया है और सी.बी.आई. द्वारा उन्हें अब रिमांड पर लेने के लिए अदालत में पेश किया जाएगा। पंकज शर्मा पर विमल नेगी की पेन–ड्राइव और लैपटॉप से महत्वपूर्ण डाटा डिलीट करने का आरोप है।

मौसम

प्रदेश में मॉनसून की वर्षा का क्रम जारी है और पिछले 24 घण्टों के दौरान कई क्षेत्रों में व्यापक वर्षा हुई है। भारी वर्षा व भूस्खलन के कारण कई स्थानों पर जनजीवन प्रभावित हुआ है। चम्बा ज़िले में पठानकोट–चम्बा नेशनल हाईवे का एक हिस्सा धंसने के कारण वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई है और प्रशासन की टीमें मौके पर राहत व बहाली कार्य में जुटी हुई हैं। इस मॉनसून सीज़न में भूस्खलन व बाढ़ के कारण प्रदेश में अब तक 4 सौ 4 लोगों की मृत्यु हुई है जबकि 41 लोग लापता हैं। प्रदेश में इस आपदा से एक हज़ार 4 सौ 40 मकान पूरी तरह से जबकि करीब 6 हज़ार मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। अभी तक आपदा से सार्वजनिक संपति को 4 हज़ार 4 सौ नवासी करोड़ रूपए के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। मौसम विभाग ने कल से 20 सितम्बर तक मॉनसून की रफ्तार धीमी पड़ने और अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना जताई है।

विद्या केन्द्र

हमीरपुर ज़िले में नाल्टी पंचायत के डोहग गांव में शहीद कलीराम के नाम पर विद्या केन्द्र का आज शुभारम्भ हुआ। सर्वजन कल्याण सभा द्वारा स्थापित इस विद्या केन्द्र का शिक्षाविद् व केन्द्रीय विश्वविद्यालय के प्रोफैसर सुनील ठाकुर ने शुभारम्भ किया। सभा के अध्यक्ष नवीन शर्मा ने कहा कि इस विद्या केन्द्र से ग्रामीण क्षेत्र में छिपी हुई प्रतिभा को संवारने में मदद मिलेगी।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा– हिमाचल को सहकारिता क्षेत्र में केन्द्र द्वारा दी जाएगी हर संभव मदद।
- प्रदेश दौरे पर आए केन्द्रीय मंत्रियों ने आज मण्डी और चम्बा ज़िलों में लिया आपदा से हुए नुकसान का जायज़ा।
- भारतीय रिज़र्व बैंक ने धोखाधड़ी से बचाव के लिए उपभोक्ताओं को लुभावनी योजनाओं से बचने की दी सलाह।
- प्रदेश में मॉनसून सक्रिय– कई क्षेत्रों में हुई भारी वर्षा व भूस्खलन से सामान्य जनजीवन प्रभावित